# कार्यालयः— वन प्रमंडल पदाधिकारी, रामगढ़ वन प्रमंडल, रामगढ़।

(रांची रोड नियर बी.आर.एल. गेट, पो0—मरार, जिला—रामगढ़ पिन—829117)

Email id – dfo-ramgarh@gov.in

पत्रांकः— 2233 दिनांकः— 24/11/22

सेवा में,

परियोजना निदेशक,
भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण,
धनबाद।

**विषय :— भारतमाला परियोजना (जैनामोड—गोला—ओरमांझी खण्ड) पथ निर्माण हेतु 91.8225 हे0 (रामगढ़ वन प्रमंडल अन्तर्गत—21.0232 हे0) वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि भारतमाला परियोजना (जैनामोड—गोला—ओरमांझी खण्ड) पथ निर्माण हेतु 91.8225 हे0 (रामगढ़ वन प्रमंडल अन्तर्गत— 21.0232 हे0) वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव की हार्ड प्रतियाँ इस कार्यालय में समर्पित की गई है। प्राप्त प्रस्ताव के समीक्षोपरान्त निम्नलिखित त्रुटियाँ पाई गई हैः—

1. मौजा—बोंगई, थाना संख्या— 138, प्लॉट संख्या—1622, रकबा—10.50 एकड़, प्लॉट संख्या—1624, रकबा— 8.00 एकड़, कुल रकबा— 18.50 एकड़ अधिसूचित वन भूमि परियोजना अन्तर्गत सन्निहित है परन्तु आपके द्वारा उपर्युक्त भूमि प्रस्ताव में सम्मिलित नहीं किया गया है।
2. मौजा—पांचा, थाना संख्या—139, प्लॉट संख्या— 439, रकबा— 1.20 एकड़ अधिसूचित वन भूमि परियोजना अन्तर्गत सन्निहित है परन्तु आपके द्वारा उपर्युक्त भूमि प्रस्ताव में सम्मिलित नहीं किया गया है।

अतः विषयगत प्रस्ताव की हार्ड प्रतियाँ मूल रूप में इस पत्र के साथ संलग्न कर वापस करते हुए अनुरोध है कि उपरोक्त त्रुटियों का निराकरण करते हुए त्रुटिरहित प्रस्ताव इस कार्यालय में समर्पित किया जाय ताकि यथोचित अग्रतर कार्रवाई की जा सके।

अनुलग्नकः— यथोक्त।

आपका विश्वासी,

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
रामगढ़।

24/11/22

24/11/22